# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in


क्रमांक/व्यापम/परीक्षा/एफ–20/2025/3753 रायपुर, दिनांक 08/12/25

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अंतर्गत अनुवादक (Translator) पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (HCT25) के प्रवेश पत्र के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा माननीय रजिस्ट्रार जनरल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर, (छ.ग.) द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर अनुवादक (Translator) के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (HCT25) का आयोजन निम्नानुसार किया जायेगा –

| परीक्षा का नाम | परीक्षा तिथि/ दिन | परीक्षा का समय | कुल परीक्षा जिला |
|---|---|---|---|
| अनुवादक (Translator) **(HCT25)** | **14-12-2025** (रविवार) | पूर्वान्ह **11:00 से 1:15** बजे तक | 01 |

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र दिनांक 08-12-2025 से डाउनलोड कर सकते हैं ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी कम से कम दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं फ्रिस्किंग (Frisking) के उपरांत परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं ।

**परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश –**

1. कृपया प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें । क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रवेश पत्र की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी ।
2. परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा । मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।
3. परीक्षार्थी, परीक्षा के दिन, परीक्षा प्रारंभ समय से कम से कम 2 घंटा पहले परीक्षा केन्द्र में अनिवार्यतः उपस्थित रहे, जिससे परीक्षार्थी का सत्यापन एवं फ्रिस्किंग (Frisking) किया जा सके।
4. परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा। परीक्षा प्रारंभ होने का समय 11:00 बजे है, इसलिए 10:30 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा ।
5. (a) हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने जाए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा ।
   (b) केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी । सुरक्षा जाँच के समय स्वेटर उतारकर सुरक्षा कर्मी से जाँच कराना होगा । स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा।
6. फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें।
7. कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।
8. परीक्षा के प्रथम आधा घंटा एवं आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।
9. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।
10. चयन/प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, अतः इसे सुरक्षित रखें ।
11. निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा । परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी ।
12. धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा । उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जाँच से गुजरना पड़ेगा तभी ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।

07 Dec 2025

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

3.12.25

पृ.क्र. / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2025 रायपुर, दिनांक .............

प्रतिलिपि –निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. The Managing Director, The National Informatics Centre Services Limited, 6th Floor (Hall no 2 &3), NBCC,Tower 15, Bhikhajicama Place, New Delhi – 110066
2. Shri Ramdatt Upadhyay, GM, National Informatics Centre Services Inc, New Delhi
   कृपया इस विज्ञप्ति को व्यापम की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करें ।
3. Shri Satyesh Sharma, GM, NICSI, State Information Centre, Mantralaya, Nava Raipur,
4. Shri Saurabh Patel, AD, PWC, Raipur (E-mail- patel.saurabh@pwc.com)
5. Shri Anand Chandrakar, Manager, PWC, Raipur (E-mail- anand.chandrakar@pwc.com)
6. Shri Vivek Chandrakar, PWC, Nava Raipur (E-mail- vivek.chandrakar.tpr@pwc.com)

/

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

3.12.25